**Roll. No. .........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# B.A. (Part-II) EXAMINATION, 2022
# POLITICAL SCIENCE
## [ Paper : Second ]
## [ Comparative Government and Politics (with special reference to USA, China and Nigeria) ]

| Paper Code | | | |
|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 7 | 3 |

| Question Booklet Series |
|---|
| **B** |

**Time : 2 : 00 Hours** **Max. Marks : 50**

---

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.

2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer all 100 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions are of equal value.

3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।

2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को सभी 100 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। प्रत्येक प्रश्नो के अंक समान हैं।

3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. 'The theory of Separation of Powers' has been practiced in :

(A) Swiss Constitution

(B) American Constitution

(C) Chinese Constitution

(D) British Constitution

2. Which of the following is not feature of American Constitution ?

(A) Parliamentary Government

(B) Presidential Government

(C) Supremacy of the Constitution

(D) Rigid Constitution

3. Which amongst the following is not base of economic system of U.S.A. ?

(A) Capitalism

(B) Welfare state

(C) The Theory of Trusteeship

(D) Laissez Faire

4. Who is the Vice-President of America at present ?

(A) Hillary Clinton

(B) Ivanka Trump

(C) Kamala Harris

(D) Joe Biden

5. How many amendments have been made in the US Constitution ?

(A) 10

(B) 27

(C) 30

(D) 36

1. 'शक्ति-पृथक्करण सिद्धान्त' को व्यवहार में लाया गया :

(A) स्विट्ज़रलैण्ड के संविधान में

(B) अमेरिकी संविधान में

(C) चीन के संविधान में

(D) ब्रिटिश संविधान में

2. निम्नलिखित में से कौन एक अमेरिकी संविधान की विशेषता नहीं है ?

(A) संसदात्मक शासन

(B) अध्यक्षात्मक शासन

(C) संविधान की सर्वोच्चता

(D) कठोर संविधान

3. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संयुक्त राज्य अमेरिका की आर्थिक व्यवस्था का आधार नहीं है?

(A) पूँजीवाद

(B) लोक कल्याणकारी राज्य

(C) न्यासिता का सिद्धान्त

(D) अहस्तक्षेप का सिद्धान्त

4. वर्तमान में अमेरिका के उप-राष्ट्रपति कौन हैं?

(A) हिलेरी क्लिंटन

(B) इवांका ट्रंप

(C) कमला हैरिस

(D) जो बाइडन

5. अमेरिकी संविधान में कितने संशोधन किए गए हैं?

(A) 10

(B) 27

(C) 30

(D) 36

6. Judicial supremacy is the characteristic of which country ?

(A) Britain

(B) U.S.A.

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

7. 'Filibuster' refers to :

(A) Freedom for absence

(B) Freedom for limited speech

(C) Freedom for unlimited speech

(D) None of these

8. "Third Chamber of the American Congress" is well known as :

(A) Speaker

(B) Vice-President

(C) Supreme Court

(D) Political Party

9. Who said it, "The American Constitutional System would have become a hydra-headed monstrosity of forty-eight rival states."?

(A) Finer

(B) Munro

(C) Lenin

(D) Wheare

10. "The stone which the builders rejected, became the chief stone of the corner"- This statement is related to :

(A) Political Party

(B) Supreme Court

(C) Convention

(D) Collective responsibility

6. न्यायिक सर्वोच्चता किस देश की विशेषता है ?

(A) ब्रिटेन की

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका की

(C) दोनों (A) और (B) की

(D) इनमें से कोई नहीं

7. 'फिलिबस्टर' से तात्पर्य है :

(A) अनुपस्थिति की स्वतन्त्रता

(B) सीमित बोलने की स्वतन्त्रता

(C) असीमित बोलने की स्वतन्त्रता

(D) इनमें से कोई नहीं

8. "अमेरिकी कांग्रेस के तृतीय सदन" के रूप में जाना जाता है :

(A) सभापति को

(B) उपराष्ट्रपति को

(C) सर्वोच्च न्यायालय को

(D) राजनीतिक दल को

9. यह किसने कहा, "सर्वोच्च न्यायालय के अभाव में अमरीकी संघ की इकाइयाँ अनेक मुँह वाले दैत्यों का रूप ग्रहण कर संवैधानिक व्यवस्था को समाप्त कर देंगी।"?

(A) फाइनर

(B) मुनरो

(C) लेनिन

(D) व्हीयर

10. "संविधान निर्माताओं ने जिस शिला को अस्वीकृत कर दिया था, वह आज अमरीकी शासन पद्धति का मूल आधार बन गयी है।" - यह कथन सम्बन्धित है :

(A) राजनीतिक दल से

(B) सर्वोच्च न्यायालय से

(C) अभिसमय से

(D) सामूहिक उत्तरदायित्व से

11. Which Article of Chinese Constitution requests the protection of Human Rights?
   (A) Article - 29
   (B) Article - 30
   (C) Article - 32
   (D) Article - 33

12. Which Article gives the rights of Chinese people to right to work ?
   (A) Article 42
   (B) Article 45
   (C) Article 48
   (D) Article 50

13. According to Article 2 of Chinese Constitution all power in the People's Republic of China belong to .....
   (A) The President
   (B) The People's Court
   (C) The People
   (D) All of the above

14. Which of the following countries has unicameral legislature ?
   (A) U.S.A.
   (B) U.K.
   (C) India
   (D) China

15. Who nominates the Prime Minister of China ?
   (A) State Council
   (B) President
   (C) National People's Congress
   (D) None of these

11. चीनी संविधान के किस अनुच्छेद में मानवाधिकार संरक्षण का अनुरोध किया गया है ?
   (A) अनुच्छेद - 29
   (B) अनुच्छेद - 30
   (C) अनुच्छेद - 32
   (D) अनुच्छेद - 33

12. किस अनुच्छेद के तहत चीनी नागरिकों को काम का अधिकार प्रदान किया गया है ?
   (A) अनुच्छेद 42
   (B) अनुच्छेद 45
   (C) अनुच्छेद 48
   (D) अनुच्छेद 50

13. चीनी संविधान के अनुच्छेद 2 के अनुसार चीन के जनवादी गणतन्त्र में सम्पूर्ण सत्ता ...... में निहित है।
   (A) राष्ट्रपति
   (B) जनवादी न्यायालय
   (C) जनता
   (D) उपर्युक्त सभी

14. निम्नलिखित में से किस देश में एक-सदनीय विधायिका है ?
   (A) यू.एस.ए.
   (B) यू.के.
   (C) भारत
   (D) चीन

15. चीन के प्रधानमंत्री को कौन नामित करता है ?
   (A) राज्य परिषद
   (B) राष्ट्रपति
   (C) राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस
   (D) इनमें से कोई नहीं

16. Who said it, "No allegation of partiality or corruption or political influence is over made against British Judges."?

(A) Jennings

(B) Denning

(C) Finer

(D) Lord Bryce

17. Who said it, "The British Government begins and ends with parties."?

(A) Jennings

(B) Mackintosh

(C) Finer

(D) Garner

18. Which constitution is written ?

(A) British

(B) American

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

19. United States of America believes in :

(A) Gandhism

(B) Communism

(C) Secularism

(D) Anarchism

20. "The Principle of Enumeration and Residuum" in the Division of Power of the American Federal System is related to :

(A) Rights to Congress

(B) Rights of the state

(C) Bureaucratic functions

(D) Distribution of powers between the Union and the states

16. यह किसने कहा – ''ब्रिटिश न्यायाधीशों के विरुद्ध कभी भी पक्षपात, भ्रष्टाचार या राजनीतिक प्रभाव का आरोप नहीं लगाया जाता।''?

(A) जैनिंग्स

(B) डैनिंग

(C) फाइनर

(D) लॉर्ड ब्राइस

17. यह किसने कहा, ''ब्रिटिश शासन राजनीतिक दलों से ही प्रारम्भ होता है और राजनीतिक दल में ही समाप्त हो जाता है।''?

(A) जैनिंग्स

(B) मैकिन्तोष

(C) फाइनर

(D) गार्नर

18. कौन-सा संविधान लिखित है ?

(A) ब्रिटिश

(B) अमेरिकी

(C) दोनों (A) और (B)

(D) इनमें से कोई नहीं

19. संयुक्त राज्य अमेरिका विश्वास करता है :

(A) गाँधीवाद में

(B) साम्यवाद में

(C) धर्मनिरपेक्षता में

(D) अराजकतावाद में

20. अमेरिकी संघीय व्यवस्था के शक्ति विभाजन में 'गणना व अवशेष' का सिद्धान्त सम्बन्धित है :

(A) कांग्रेस के अधिकारों से

(B) राज्य के अधिकारों से

(C) नौकरशाही के कार्यों से

(D) संघ तथा राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण से

21. Which one of the following is not associated with Chinese Constitution ?

(A) The People's Republic

(B) The Central Military Commission

(C) Spirituality

(D) Fundamental Rights

22. What is the minimum age prescribed for the post of the Chinese President ?

(A) 45 years

(B) 35 years

(C) 25 years

(D) 21 years

23. The President of China is elected by the :

(A) Citizens

(B) People's

(C) People's Court

(D) The National People's Congress

24. The term of the National People's Congress according to present Chinese Constitution is :

(A) 6 years

(B) 5 years

(C) 4 years

(D) 2 years

25. The members of National People's Congress are called :

(A) M.L.A.

(B) Deputy

(C) M.P.

(D) Procurator

21. निम्नलिखित में से कौन-सा एक चीनी संविधान में नहीं आता है ?

(A) जनवादी गणतन्त्र

(B) केन्द्रीय सैनिक आयोग

(C) आध्यात्मिकता

(D) मौलिक अधिकार

22. चीन का राष्ट्रपति बनने के लिए कम-से-कम कितनी उम्र होनी चाहिए ?

(A) 45 वर्ष

(B) 35 वर्ष

(C) 25 वर्ष

(D) 21 वर्ष

23. चीनी राष्ट्रपति चुना जाता है :

(A) नागरिकों द्वारा

(B) जनता द्वारा

(C) जनवादी न्यायालय द्वारा

(D) राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस द्वारा

24. चीन के वर्तमान संविधान के अनुसार राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस का कार्यकाल है :

(A) 6 वर्ष

(B) 5 वर्ष

(C) 4 वर्ष

(D) 2 वर्ष

25. राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस के सदस्यों को कहा जाता है :

(A) विधायक

(B) डिप्टी

(C) सांसद

(D) प्रोक्यूरेटर

26. In which decade did the Cultural Revolution take place ?
(A) 1955 - 1965
(B) 1966 - 1976
(C) 1976 - 1986
(D) 1986 - 1996

27. Which legislature has the highest number of representatives ?
(A) National People's Congress of China
(B) Parliament of India
(C) Parliament of Britain
(D) U.S. Congress

28. When was the People's Republic of China established by the Communist Party of China ?
(A) 1912 (B) 1942
(C) 1949 (D) 1966

29. It is very difficult to differentiate between government and party in :
(A) U.S.A. (B) France
(C) China (D) India

30. Importance of which party was written in the Constitutional Preamble of China ?
(A) Federal Party
(B) Congress Party
(C) Jansatta Party
(D) Communist Party

31. Which of the following pair is not correct?

| | List - I | List - II |
|---|---|---|
| (A) | China | Multi-party system |
| (B) | U.S.A. | Two-party system |
| (C) | U.K. | Two-party system |
| (D) | India | Multi-party system |

26. सांस्कृतिक क्रांति किस दशक में हुई थी ?
(A) 1955 - 1965
(B) 1966 - 1976
(C) 1976 - 1986
(D) 1986 - 1996

27. किस विधायिका में सबसे अधिक प्रतिनिधि हैं ?
(A) चीन की राष्ट्रीय जनवादी कांग्रेस
(B) भारत की संसद
(C) ब्रिटेन की संसद
(D) यू.एस. कांग्रेस

28. चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा चीनी जनवादी गणराज्य की स्थापना कब की गई थी ?
(A) 1912 (B) 1942
(C) 1949 (D) 1966

29. सरकार और दल में अन्तर करना बेहद कठिन है :
(A) यू.एस.ए. में (B) फ्रांस में
(C) चीन में (D) भारत में

30. चीनी संविधान की प्रस्तावना में किस दल के महत्व के बारे में लिखा गया था ?
(A) संघवादी दल
(B) कांग्रेस दल
(C) जनसत्ता दल
(D) साम्यवादी दल

31. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| (A) | चीन | बहु-दलीय व्यवस्था |
| (B) | यू.एस.ए. | द्वि-दलीय व्यवस्था |
| (C) | यू.के. | द्वि-दलीय व्यवस्था |
| (D) | भारत | बहु-दलीय व्यवस्था |

32. American Constitution was adopted in which convention ?
   (A) Philadelphia Convention, 1776
   (B) Philadelphia Convention, 1879
   (C) Washington Convention, 1789
   (D) Philadelphia Convention, 1789

33. In U.S.A. for how many terms a person can be elected as President ?
   (A) One term
   (B) Two term
   (C) Three term
   (D) Any number of term

34. Which is not a characteristic of U.S. Government System ?
   (A) Division of Powers
   (B) Presidential form of Government
   (C) Unified Judicial System
   (D) Federal form of Government

35. The right of judicial review in the United States of America is :
   (A) Enunciated in the Constitution
   (B) Derived from judicial decisions
   (C) Inherent in the nature of judicial work
   (D) The product of operation of the principle of rule of law

36. The Supreme Court of the United States of America first exercised its judicial review power :
   (A) In the year 1910
   (B) In the year 1890
   (C) In the year 1860
   (D) In the year 1803

32. अमेरिकी संविधान को किस सम्मेलन में अपनाया गया था ?
   (A) फिलाडेल्फिया सम्मेलन, 1776
   (B) फिलाडेल्फिया सम्मेलन, 1879
   (C) वाशिंगटन सम्मेलन, 1789
   (D) फिलाडेल्फिया सम्मेलन, 1789

33. संयुक्त राज्य अमेरिका में, एक व्यक्ति को कितने कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुना जा सकता है ?
   (A) एक कार्यकाल
   (B) दो कार्यकाल
   (C) तीन कार्यकाल
   (D) कार्यकाल की कोई भी संख्या

34. कौन-सी अमेरिकी शासन प्रणाली की विशेषता नहीं है ?
   (A) शक्तियों का विभाजन
   (B) अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली
   (C) एकीकृत न्यायिक व्यवस्था
   (D) संघात्मक शासन प्रणाली

35. संयुक्त राज्य अमेरिका में न्यायिक पुनर्निरीक्षण का अधिकार :
   (A) संविधान में प्रतिपादित है
   (B) न्यायिक निर्णयों से व्युत्पन्न किया गया है
   (C) न्यायिक कार्य की प्रकृति में अन्तर्निहित है
   (D) विधि के शासन के सिद्धान्त की संक्रिया का प्रतिफल है

36. संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने अपनी न्यायिक पुनरावलोकन शक्ति का सर्वप्रथम प्रयोग किया था :
   (A) सन् 1910 में
   (B) सन् 1890 में
   (C) सन् 1860 में
   (D) सन् 1803 में

37. How many members are there in Senate?

(A) 50

(B) 100

(C) 200

(D) 250

38. Which political party does the current U.S. President Joe Biden belong to ?

(A) Republican Party

(B) Labour Party

(C) Democratic Party

(D) Communist Party

39. "The political system of China is at once democratic and centralised, that is centralised on the basis of democracy and democratic under centralised guidance" - who said this ?

(A) Laski

(B) Finer

(C) Hinton

(D) Mao

40. Who is considered as the founder of Modern China ?

(A) San-Yat-Sen

(B) Lenin

(C) Mao-Tse-Tung

(D) None of these

41. Present Constitution of China was enforced in :

(A) 1900

(B) 1919

(C) 1982

(D) 1999

37. सीनेट की सदस्य संख्या कितनी है ?

(A) 50

(B) 100

(C) 200

(D) 250

38. वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन किस राजनीतिक दल से आते हैं?

(A) रिपब्लिकन पार्टी

(B) लेबर पार्टी

(C) डेमोक्रेटिक पार्टी

(D) कम्यूनिस्ट पार्टी

39. "चीन की राजनीतिक व्यवस्था एक ही साथ लोकतान्त्रिक भी है और केन्द्रवादी भी। यह लोकतन्त्र के आधार पर केन्द्रवादी है और केन्द्रवादी निर्देशन के अन्तर्गत लोकतान्त्रिक है।"-यह कथन किसका है?

(A) लास्की

(B) फाइनर

(C) हिण्टन

(D) माओ

40. आधुनिक चीन का संस्थापक किसे माना जाता है ?

(A) सन्-यात्-सेन

(B) लेनिन

(C) माओ-त्से-तुंग

(D) इनमें से कोई नहीं

41. चीन का वर्तमान संविधान लागू हुआ :

(A) 1900 में

(B) 1919 में

(C) 1982 में

(D) 1999 में

42. Nigeria was a colony of which country ?

(A) Britain (B) France

(C) Spain (D) Portugal

43. When did Nigeria gain independence ?

(A) 1950 (B) 1960

(C) 1970 (D) 1980

44. How many members are elected from each state to the Senate of Nigeria ?

(A) 1 (B) 3

(C) 4 (D) 5

45. What is the total number of members in the Lower House of Nigeria ?

(A) 360 (B) 370

(C) 380 (D) None of these

46. The quorum of the Houses of Nigeria is :

(A) $\frac{1}{3}$ of all members

(B) $\frac{1}{4}$ of all members

(C) $\frac{1}{10}$ of all members

(D) None of these

47. What is the total number of members in the Senate of Nigeria ?

(A) 100 (B) 105

(C) 109 (D) 110

48. Who was the first President of Republic of Nigeria ?

(A) Nnamdi Azikiwe

(B) Muhammadu Buhari

(C) Abubakar Tafawa Balewa

(D) None of these

42. नाइजीरिया किस देश का एक उपनिवेश था ?

(A) ब्रिटेन (B) फ्रांस

(C) स्पेन (D) पुर्तगाल

43. नाइजीरिया को स्वतन्त्रता कब मिली ?

(A) 1950 (B) 1960

(C) 1970 (D) 1980

44. नाइजीरिया की सीनेट के लिए प्रत्येक राज्य से कितने सदस्य चुने जाते हैं ?

(A) 1 (B) 3

(C) 4 (D) 5

45. नाइजीरिया के निचले सदन में सदस्यों की कुल संख्या कितनी है ?

(A) 360 (B) 370

(C) 380 (D) इनमें से कोई नहीं

46. नाइजीरिया के सदनों की गणपूर्ति है :

(A) सभी सदस्यों का $\frac{1}{3}$

(B) सभी सदस्यों का $\frac{1}{4}$

(C) सभी सदस्यों का $\frac{1}{10}$

(D) इनमें से कोई नहीं

47. नाइजीरिया की सीनेट में सदस्यों की कुल संख्या कितनी है ?

(A) 100 (B) 105

(C) 109 (D) 110

48. नाइजीरिया गणराज्य के पहले राष्ट्रपति कौन थे ?

(A) नमदी अज़िकीवे

(B) मुहम्मदु बुहारी

(C) अबुबकर तफवा बालेवा

(D) इनमें से कोई नहीं

49. How were the Fundamental Rights added into the US Constitution ?

(A) By first 6 amendments

(B) By first 10 amendments

(C) By last 10 amendments

(D) None of the above

50. The number of the Electoral College for the U.S. President is :

(A) 538

(B) 438

(C) 338

(D) 100

51. Which one of the following statements regarding the constitutional power of the President of America is incorrect ?

(A) To maintain diplomatic relations with foreign states

(B) To negotiate treaty with foreign states

(C) Proposing American diplomats to foreign states.

(D) To declare war

52. How many colonies/states were there in U.S.A. at the time of independence ?

(A) 11

(B) 12

(C) 13

(D) 50

49. अमेरिकी संविधान में मौलिक अधिकारों को कैसे जोड़ा गया ?

(A) पहले 6 संशोधनों द्वारा

(B) पहले 10 संशोधनों द्वारा

(C) अन्तिम 10 संशोधनों द्वारा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए इलेक्टोरल कॉलेज की संख्या है :

(A) 538

(B) 438

(C) 338

(D) 100

51. अमेरिका के राष्ट्रपति की संवैधानिक शक्तियों से सम्बन्धित निम्नलिखित वक्तव्यों में से कौन गलत है ?

(A) विदेशी राज्यों के साथ कूटनीतिक सम्बन्ध बनाना

(B) विदेशी राज्यों के साथ सन्धि वार्ता करना

(C) विदेशी राज्यों के लिए अमेरिकी राजनयिकों को प्रस्तावित करना

(D) युद्ध की घोषणा करना

52. स्वतन्त्रता के समय संयुक्त राज्य अमेरिका में कितने उपनिवेश/राज्य थे ?

(A) 11

(B) 12

(C) 13

(D) 50

53. Who was the propounder of the doctrine of Separation of Power ?

(A) Montesquieu

(B) Marx

(C) Hegel

(D) Green

54. Which of the following is a feature of American Constitution ?

(A) Presidential form of Government

(B) Parliamentary form of Government

(C) Unitary form of Government

(D) All of the above

55. The basis of classification of parliamentary and presidential governments is :

(A) The relation between the center and the states

(B) The relation of legislature and executive

(C) The relation of executive and judiciary

(D) All of the above

56. Who defined Unitary Government as - "Unitary government is the habitually exercise of supreme legislative authority by one central power." ?

(A) Jennings

(B) Garner

(C) Lowell

(D) Dicey

53. 'शक्ति पृथक्करण' सिद्धान्त का प्रतिपादक कौन था ?

(A) मॉन्टेस्क्यू

(B) मार्क्स

(C) हीगल

(D) ग्रीन

54. निम्नलिखित में से कौन एक अमेरिकी संविधान की विशेषता है ?

(A) अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था

(B) संसदात्मक शासन व्यवस्था

(C) एकात्मक शासन व्यवस्था

(D) उपर्युक्त सभी

55. संसदात्मक तथा अध्यक्षात्मक सरकारों के वर्गीकरण का आधार है :

(A) केन्द्र और राज्यों के बीच का सम्बन्ध

(B) विधायिका और कार्यपालिका का सम्बन्ध

(C) कार्यपालिका और न्यायपालिका का सम्बन्ध

(D) उपरोक्त सभी

56. किसने एकात्मक शासन को ऐसे परिभाषित किया है - "एक केन्द्रीय शक्ति द्वारा सर्वोच्च शक्ति का प्रयोग किया जाना ही एकात्मक शासन है"?

(A) जैनिंग्स

(B) गार्नर

(C) लॉवेल

(D) डायसी

57. Who said it, "Parliamentary system provides a daily as well as a periodic assessment of the government."?

(A) Dr. Ambedkar

(B) Laski

(C) Garner

(D) Dicey

57. यह कथन किसका है - "संसदात्मक व्यवस्था शासन के सामयिक मूल्यांकन के साथ-साथ दिन-प्रतिदिन के मूल्यांकन का भी अवसर प्रदान करती है।"?

(A) डॉ. अम्बेडकर

(B) लास्की

(C) गार्नर

(D) डायसी

58. The most important feature of a Parliamentary Government is :

(A) Rule of Law

(B) Rule of Majority

(C) Accountability of Executive towards Legislature

(D) None of these

58. संसदीय सरकार का सबसे महत्वपूर्ण लक्षण है :

(A) विधि का शासन

(B) बहुमत का शासन

(C) कार्यपालिका का विधायिका के प्रति उत्तरदायित्व

(D) इनमें से कोई नहीं

59. The successful working of Parliamentary Government depends upon :

(A) One-party system

(B) Two-party system

(C) Multi-party system

(D) Partyless system

59. संसदीय सरकार का सफलतापूर्वक कार्य करना निर्भर करता है :

(A) एकदलीय व्यवस्था पर

(B) द्विदलीय व्यवस्था पर

(C) बहुदलीय व्यवस्था पर

(D) दल-विहीन व्यवस्था पर

60. Titular Executive is related with :

(A) Parliamentary form of Government

(B) Presidential form of Government

(C) Communist form of Government

(D) None of these

60. नाममात्र की कार्यपालिका का सम्बन्ध है :

(A) संसदीय शासन व्यवस्था से

(B) अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था से

(C) साम्यवादी शासन व्यवस्था से

(D) इनमें से कोई नहीं

61. In which government system, Legislature and Executive are complementary to each other ?

(A) Federal System

(B) Unitary System

(C) Presidential System

(D) Parliamentary System

61. किस शासन प्रणाली में व्यवस्थापिका तथा कार्यपालिका परस्पर एक-दूसरे से सम्बन्धित होती हैं?

(A) संघात्मक व्यवस्था में

(B) एकात्मक व्यवस्था में

(C) अध्यक्षात्मक व्यवस्था में

(D) संसदात्मक व्यवस्था में

62. The Prime Minister of Britain is :

(A) Appointed

(B) Selected

(C) Nominated

(D) Elected

62. ब्रिटेन का प्रधानमंत्री :

(A) नियुक्ति होता है

(B) चयनित होता है

(C) मनोनीत होता है

(D) निर्वाचित होता है

63. Shadow Cabinet is related with which country ?

(A) U.S.A.

(B) China

(C) Britain

(D) Nigeria

63. शैडो कैबिनेट (छाया मन्त्रिमण्डल) का सम्बन्ध किस देश से है ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) चीन

(C) ब्रिटेन

(D) नाइजीरिया

64. What is the total number of seats in the House of Commons ?

(A) 435

(B) 650

(C) 690

(D) 750

64. हाउस ऑफ कॉमन्स में सीटों की कुल कितनी संख्या है ?

(A) 435

(B) 650

(C) 690

(D) 750

65. The term of the House of Commons in England is :

(A) 2 years

(B) 4 years

(C) 5 years

(D) Not fixed

65. इंग्लैण्ड में लोक सदन का कार्यकाल होता है :

(A) 2 वर्ष

(B) 4 वर्ष

(C) 5 वर्ष

(D) निर्धारित नहीं

66. Who is the Prime Minister of UK at present ?

(A) David Cameron

(B) Boris Johnson

(C) Tony Blair

(D) Clement Attlee

66. वर्तमान में यू.के. के प्रधानमंत्री कौन हैं?

(A) डेविड कैमरान

(B) बोरिस जॉनसन

(C) टोनी ब्लेयर

(D) क्लीमेण्ट एटली

67. In the systems of the following governments, bicameralism is an essential feature of which one system of governance?

(A) Presidential system

(B) Parliamentary system

(C) Federal system

(D) Unitary system

68. "There is apoplexy at the centre and anaemia at the extremities." Whose statement is this ?

(A) Jennings

(B) Finer

(C) Ward

(D) Austin

69. India is a :

(A) Federal state

(B) Unitary state

(C) Union of the state

(D) None of these

70. Who said, "Indian Constitution is Quasi-Federal"?

(A) K.C. Wheare

(B) Dr. Ambedkar

(C) Dicey

(D) Karl Frederick

71. The soul of British Constitution is :

(A) Convention

(B) Dual Citizenship

(C) Separation of Power

(D) Recall

67. निम्नलिखित सरकारों की व्यवस्थाओं में द्विसदनात्मकता किस एक का आवश्यक लक्षण है ?

(A) अध्यक्षीय व्यवस्था

(B) संसदीय व्यवस्था

(C) संघीय व्यवस्था

(D) एकात्मक व्यवस्था

68. "केन्द्र को पक्षाघात हो गया है और दूरस्थ क्षेत्र रक्तहीनता से पीड़ित है।" - यह कथन किसका है ?

(A) जैनिंग्स

(B) फाइनर

(C) वार्ड

(D) ऑस्टिन

69. भारत एक :

(A) संघीय राज्य है

(B) एकात्मक राज्य है

(C) राज्यों का संघ है

(D) इनमें से कोई नहीं

70. यह कथन किसका है, "भारतीय संविधान अर्द्ध-संघीय है"?

(A) के.सी. व्हीयर

(B) डॉ. अम्बेडकर

(C) डायसी

(D) कार्ल फ्रेडरिक

71. ब्रिटिश संविधान की आत्मा है :

(A) अभिसमय

(B) दोहरी नागरिकता

(C) शक्ति पृथक्करण

(D) प्रत्यावाहन्

72. Who is called the key-stone of the cabinet arch in a parliamentary system ?

(A) President

(B) Chief Justice

(C) Prime Minister

(D) Speaker of the Lower House

73. Parliamentary form of Government is practiced in :

(A) India

(B) Britian

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

74. In Parliamentary system head of the state is :

(A) Read Head

(B) Nominal Head

(C) Executive Head

(D) None of these

75. A feature which is present in the presidential system but not in the parliamentary system, is :

(A) Distinction between real and nominal executive

(B) Fixed term of cheif executive

(C) Formation of executive from amongst the members of the legislature

(D) Responsibility of the executive to the legislature

72. संसदीय शासन प्रणाली में कैबिनेट आर्च का कीस्टोन किसे कहा जाता है ?

(A) राष्ट्रपति

(B) मुख्य न्यायाधीश

(C) प्रधानमंत्री

(D) निम्न सदन का अध्यक्ष

73. संसदीय शासन व्यवस्था पायी जाती है :

(A) भारत में

(B) ब्रिटेन में

(C) दोनों (A) और (B) में

(D) किसी में भी नहीं

74. संसदीय शासन प्रणाली में राज्याध्यक्ष होता है :

(A) वास्तविक प्रधान

(B) नाममात्र का प्रधान

(C) कार्यकारी प्रधान

(D) इनमें से कोई नहीं

75. एक लक्षण जो अध्यक्षीय व्यवस्था में है किन्तु संसदीय व्यवस्था में नहीं है, वह है :

(A) वास्तविक और नाममात्र की कार्यपालिका में प्रभेद

(B) प्रमुख कार्यपालक का नियत कार्यकाल

(C) विधानमण्डल के सदस्यों में से कार्यपालिका का गठन

(D) कार्यपालिका का विधानमण्डल के प्रति उत्तरदायित्व

76. Which of the following countries does not have a written constitution ?

(A) U.S.A.

(B) England

(C) China

(D) Nigeria

76. निम्नलिखित में से किस देश का लिखित संविधान नहीं है ?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) इंग्लैण्ड

(C) चीन

(D) नाइजीरिया

77. Who said that, "There is no constitution in England"?

(A) Montesquieu

(B) D. Tocqueville

(C) J.S. Mill

(D) Laski

77. यह किसने कहा कि, ''इंग्लैण्ड में कोई संविधान नहीं है''?

(A) मॉन्टेस्क्यू

(B) डी. टॉकविले

(C) जे. एस. मिल

(D) लास्की

78. Which country is associated with this famous statement- "The king can do no wrong"?

(A) India

(B) Pakistan

(C) China

(D) England

78. प्रसिद्ध उक्ति, ''सम्राट कोई त्रुटि नहीं कर सकता'' किस देश से सम्बन्धित है ?

(A) भारत

(B) पाकिस्तान

(C) चीन

(D) इंग्लैण्ड

79. In which year was the Magna-Carta signed?

(A) 1150

(B) 1190

(C) 1201

(D) 1215

79. मैग्नाकार्टा पर किस वर्ष में हस्ताक्षर किया गया ?

(A) 1150

(B) 1190

(C) 1201

(D) 1215

80. Which one is the best example of Parliamentary supremacy ?

(A) India

(B) U.S.A.

(C) Britain

(D) China

80. संसदीय सर्वोच्चता का सबसे अच्छा उदाहरण कौन-सा है ?

(A) भारत

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) ब्रिटेन

(D) चीन

81. Merit of Unitary Government is :
(A) Single Administration
(B) Strong Government
(C) Suitable for small state
(D) All of the above

82. All the power of government centralized in center. In which form of Government is so?
(A) Unitary form of Government
(B) Federal form of Government
(C) Both (A) and (B)
(D) None of these

83. England is a :
(A) Quasi-Federal state
(B) Federal state
(C) Unitary state
(D) Polyarchy state

84. Unitary form of government is good because :
(A) It has one center for control
(B) It has many centers for control
(C) It has few centers for control
(D) It has no authority

85. Who has given the definition of the federal government in this way-
"A federal state is nothing but a political contrivance intended to reconcile national unity with the maintenance of state rights."?
(A) Finer
(B) Garner
(C) Lowell
(D) Dicey

81. एकात्मक शासन का गुण है :
(A) प्रशासन में एकता
(B) शक्ति सम्पन्न सरकार
(C) छोटे देशों के लिए उपयुक्त
(D) उपर्युक्त सभी

82. शासन की समस्त शक्तियाँ केन्द्र में निहित होती हैं। ऐसा किस शासन व्यवस्था में है ?
(A) एकात्मक शासन व्यवस्था
(B) संघात्मक शासन व्यवस्था
(C) दोनों (A) और (B)
(D) इनमें से कोई नहीं

83. इंग्लैण्ड एक :
(A) अर्द्ध-संघीय देश है
(B) संघीय देश है
(C) एकात्मक राज्य है
(D) बहुलतन्त्रीय राज्य है

84. एकात्मक शासन व्यवस्था अच्छी है, क्योंकि :
(A) इसमें नियन्त्रण के लिए एक केन्द्र होता है
(B) इसमें नियन्त्रण के लिए अनेक केन्द्र होते हैं
(C) इसमें नियंत्रण के लिए कुछ केन्द्र होते हैं
(D) इसमें कोई सत्ता नहीं होती है

85. किसने संघात्मक सरकार की परिभाषा इस प्रकार दी है –
"एक संघात्मक राज्य एक ऐसे राजनीतिक उपाय के अतिरिक्त कुछ नहीं है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता तथा राज्य के अधिकारों में मेल रखता है।"?
(A) फाइनर
(B) गार्नर
(C) लॉवेल
(D) डायसी

86. The power of separation between Executive and Legislature is a characteristic of :

(A) Polyarchy

(B) Unitary form of Govt.

(C) Parliamentary form of Govt.

(D) Presidential form of Govt.

87. Members of the Cabinet under the presidential form of Government :

(A) Elected to the both houses of the legislature

(B) Elected to the popular house

(C) Not a member of either house

(D) None of these

88. In which system by giving a permanent executive independent of the legislature insured stability ?

(A) Parliamentary

(B) Dictatorship

(C) Presidential

(D) All of the above

89. One of the important merit of Presidential system is :

(A) Accountability

(B) Stability

(C) Both of the above

(D) None of the above

90. Presidential form of Government is practiced in :

(A) Britain

(B) U.S.A.

(C) India

(D) Britain and U.S.A.

86. कार्यपालिका और व्यवस्थापिका के बीच शक्ति पृथक्करण एक विशेषता है :

(A) बहुलतन्त्र की

(B) एकात्मक शासन व्यवस्था की

(C) संसदात्मक शासन व्यवस्था की

(D) अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था की

87. अध्यक्षात्मक शासन व्यवस्था के अन्तर्गत मन्त्रिमण्डल के सदस्य :

(A) व्यवस्थापिका के दोनों सदनों से चुने जाते हैं

(B) लोकप्रिय सदन से चुने जाते हैं

(C) किसी भी सदन के सदस्य नहीं होते

(D) इनमें से कोई नहीं

88. किस शासन व्यवस्था में व्यवस्थापिका के नियन्त्रण से स्वतन्त्र स्थायी कार्यपालिका की व्यवस्था होती है?

(A) संसदात्मक

(B) अधिनायक तन्त्र

(C) अध्यक्षात्मक

(D) उपर्युक्त सभी

89. अध्यक्षीय शासन व्यवस्था का एक प्रमुख गुण है :

(A) उत्तरदायित्व

(B) स्थायित्व

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली पायी जाती है :

(A) ब्रिटेन में

(B) अमेरिका में

(C) भारत में

(D) ब्रिटेन एवं अमेरिका में

91. The feature of Federal form of Government is :

(A) Dual citizenship

(B) Separation of Powers

(C) Co-operation between National integrity and Local Self Govt.

(D) All of the above

92. Federal government is useful in :

(A) Communist states

(B) Small states

(C) Big states

(D) None of these

93. Which one is not included in a federal government ?

(A) Division of Powers

(B) Supremacy of the Constitution

(C) Single Citizenship

(D) Written Constitution

94. In federal government, the powers are divided between the center and the state by ______.

(A) The Parliament

(B) The Constitution

(C) The Central Government

(D) Judiciary

95. Which institution in a federal system is called 'Balancing Wheel of the Constitution ?'

(A) Press

(B) Legislature

(C) Executive

(D) Judiciary

91. संघात्मक शासन की विशेषता है :

(A) दोहरी नागरिकता

(B) शक्तियों का विभाजन

(C) राष्ट्रीय एकता और स्थानीय स्वशासन में सामंजस्य

(D) उपर्युक्त सभी

92. संघीय शासन लाभकारी है :

(A) साम्यवादी राज्यों में

(B) छोटे राज्यों में

(C) बड़े राज्यों में

(D) इनमें से कोई नहीं

93. संघात्मक शासन में कौन एक शामिल नहीं है ?

(A) शक्ति विभाजन

(B) संविधान की सर्वोच्चता

(C) एकल नागरिकता

(D) लिखित संविधान

94. एक संघीय सरकार में शक्तियों को केन्द्र एवं राज्य के मध्य ______ द्वारा विभाजित किया जाता है।

(A) संसद

(B) संविधान

(C) केन्द्र सरकार

(D) न्यायपालिका

95. संघात्मक शासन व्यवस्था में किस संस्था को 'संविधान का संतुलन चक्र' कहा जाता है ?

(A) प्रेस

(B) व्यवस्थापिका

(C) कार्यपालिका

(D) न्यायपालिका

96. Who really uses the Power of Crown in Britain ?

(A) People

(B) Parliament

(C) Council of Ministers

(D) Prime Minister

96. ब्रिटेन में वास्तविक रूप में सम्राट की शक्तियों का प्रयोग कौन करता है ?

(A) जनता

(B) संसद

(C) मन्त्रिपरिषद

(D) प्रधानमंत्री

97. Which one of the following is a feature of British Constitution ?

(A) Presidential Government

(B) Federal Government

(C) Rule of Law

(D) People's Court

97. निम्नलिखित में से कौन-सी एक ब्रिटिश संविधान की विशेषता है ?

(A) अध्यक्षात्मक शासन

(B) संघात्मक शासन

(C) विधि का शासन

(D) जनवादी न्यायालय

98. Which of the following is a judicial review in England ?

(A) Parliamentary legislation

(B) Executive Decisions

(C) Delegated legislation

(D) None of the above

98. इंग्लैण्ड में निम्नलिखित में से किसका न्यायिक पुनरावलोकन होता है ?

(A) संसदीय विधायन

(B) कार्यपालिका के निर्णय

(C) प्रदत्त विधायन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. House of Lords include which kind of peers ?

(A) Life peers

(B) Hereditary peers

(C) Spiritual peers

(D) All of the above

99. लार्ड सभा में किस तरह के पीयर शामिल हैं ?

(A) आजीवन पीयर

(B) वंशानुगत पीयर

(C) आध्यात्मिक पीयर

(D) उपरोक्त सभी

100. Women in England got franchise on equal terms with men in :

(A) 1928

(B) 1940

(C) 1960

(D) 1972

100. इंग्लैण्ड में महिलाओं को पुरुषों के बराबर मताधिकार मिला :

(A) 1928 में

(B) 1940 में

(C) 1960 में

(D) 1972 में

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

5. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

6. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

7. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

8. There will be no negative marking.

9. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

10. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

11. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

4. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

5. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

6. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

7. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

8. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

9. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

10. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

11. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**